# डंपरो के समय निधारण की मांग

**प्रदर्शन**

## जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

देहरादून। **संवाददाता**



दून डंपर जनकल्याण समिति के पदाधिकारी कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए।

शिमला बाईपास पर डंपरो के आने जाने के लिए समय निधारण की मांग को लेकर दून डंपर जनकल्याण समिति ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बृहस्पतिवार सुबह डंपर जनकल्याण समिति से जुड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय के सामने उपस्थिति हुए और नारेबाजी करते हुए कार्यालय जा पहुंचे। इस मौके पर जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में समिति ने कहा कि शिमला बाईपास पर डंपरों के लिए प्रशासन की ओर से सुबह पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक नो एंट्री किया हुआ है। जिससे उन्हे अपने काम करने के लिए मात्र दिन में छह घंटे का ही समय मिलता है। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन हो गया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस समय को देखते हुए प्रशासन इस प्रकार की व्यवस्था लागू करे। जिससे कि डंपर संचालकों का काम भी चल जाए।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# अन्तर्सदनीय संस्कृत 'लघु भाषणम्' प्रतियोगिता आयोजित



जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित करते हुए।

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली पब्लिक स्कूल देहरादून में अन्तर्सदनीय संस्कृत 'लघु भाषणम्' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पाँच के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न मुखोटे पहन कर अपने मुखोटे के विषय के अनुसार संस्कृत में वाक्य बोले। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी सदनों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा सदन, द्वितीय सतलुज सदन व तृतीय स्थान पर क्रमशः चेनाब और रावी सदन रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य बी0के0 सिंह एवं अध्यापकगण रचना चुग, सीमा डोभाल, सुरभि गोयल एवं रेशु गैहलोत आदि उपस्थित रहे।



# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अनुसंधान कार्यो को आम जन तक पहुँचाने के लिए एक पहल

**समझौता ज्ञापन**

## ■अनुसंधान कार्यो को आम जन तक पहुँचाने को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**संवाददाता**



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए।

देहरादून। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत कार्यरत भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करता है। इस संस्थान ने वन अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर अपने अनुसंधान कार्यों को आम जन तक पहुँचाने के लिए एक पहल की जिसके तहत दोनों संस्थानों के निदेशकों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर अरुण सिंह रावत, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों को एक समान मंच पर आकर अपनी वैज्ञानिक जानकारियों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा तथा दोनों संस्थान मिलकर संयुक्त और प्रभावी तरीके से अपनी तकनीकियों को आम जन तक पहुँचा सकेंगे। इससे समाज के गरीब किसान, मजदूर एवं अन्य कमजोर वर्गों, खासकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को लाभ मिलेगा और वे आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बन कर बेहतर जीवन यापन कर सकेंगे। समझौते में इस बात पर विशष ध्यान दिया गया है। पी. आर. ओजस्वी, निदेशक, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, दून ने इस अवसर पर कहा कि दोनों संस्थानों के संयुक्त प्रयासों से आमजन को अवश्य ही लाभ होगा क्योंकि इससे कृषि एवं वानिकी विषय के संबंध में संयुक्त जानकारी आमजन को दी जा सकेगी। इस अवसर पर डा. हर्ष मेहता, प्रमुख, पादप विज्ञान प्रभाग, डा. चरन सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून, डा0 ए.के. पाण्डेय, प्रभाग प्रमुख, विस्तार प्रभाग, डा. चरन सिंह, वैज्ञानिक–ई, विस्तार प्रभाग आदि उपस्थित रहे। इन्होंने भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान की टीमे के साथा आई टी. बिद्या ने बैठक और समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

वन अनुसंधान संस्थान भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के अधीन वानिकी अनुसंधान, विस्तार और शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है, जो वानिकी के क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों, किसानों, वन विभागों, स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों तथा विद्यार्थियों आदि को अनुसंधान तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करता है। यह संस्थान वानिकी के विभिन्न पहलुओं पर जैसे नरसरी निर्माण, पादप सुध ाार, मृदा एवं जल संरक्षण, कृषिवानिकी, बांस परिरक्षण और काष्ठ प्रसंस्करण, अकाष्ठ वन उपज आदि पर शोध करके लोगों तक पहुँचाता है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितम्बर को

**संवाददाता** देहरादून। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त लोक अदालत में फौजदारी के लघुवाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, परिवार वाद, 138 एन0आई एक्ट वाद आदि प्रकृति के वाद सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। जो पक्षकार अपने वादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं, वह सम्बन्धित न्यायालय, जहां उसका मुकदमा लम्बित है, से अनुरोध कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए नियत करवा सकते हैं।

### 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर दस किमी की दौड़ होगी

**संवाददाता** देहरादून। जला क्रीड़ा अधिकारी राजेश ममगांई ने अवगत कराया है कि 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे से (दूरी 10 किमी) दौड़ का आयोजन किया जायेगा, रेस का शुभारम्भ मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार तथा पुरस्कार वितरण व समापन खेल मंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किय जायेगा। उन्होंने बताया कि रेस महिला एवं पुरूष ओपन वर्ग में महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज, रायपुर, देहरादून के गेट न0–02 से प्रारम्भ होकर रा0इ0का0 सोड़ा सरोली, थानों रोड से वापस स्पोर्टस कालेज में समाप्त होगी। महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर मैक्स चिकित्सालय देहरादून द्वारा महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही विभिन्न जांच हेतु डिस्काउन्ट कार्ड प्रदान किये जायेंगे तथा दौड़ के साथ मैक्स चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम एवं एम्बुलेस टीम उपलब्ध रहेगी।

### किया मोटर्स ने लॉन्च की स्टाइलिश बोल्ड एसयूवी सेल्टोस

**संवाददाता** देहरादून। विश्व के आठवें सबसे बड़े ऑटोमेकर किया मोटर्स ने आज भारतीय बाजार में मिड–एसयूवी सेगमेंट में अपने पहले प्रोडक्ट–सेल्टोस को लॉन्च किया। इसकी इंट्रोडक्टरी कीमत एंट्री लेवल के पेट्रोल स्मार्ट स्ट्रीम जी1.5 एचटीई मॉडल के लिए 9.69 लाख रुपये से शुरु हो रही है और टॉप–एंड डीजल 1.5 सीआरडीआई एचटीउएक्स प्लस और पेट्रोल स्मार्ट स्ट्रीम 1.4 टी–जीडीआई जीटीएक्स और जीटीएक्स प्लस वैरिएंट के लिए कीमत रु. 15.99 लाख रुपये तक है।

# मैक्स ने मनाया वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे

**संवाददाता**

## 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने की भागीदारी

देहरादून। बढ़ती बुजुर्ग आबादी और उनकी चिकित्सा पर निर्भरता के मद्देनजर क्षेत्र के अग्रणी हॉस्पिटल में से एक मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने उनके 'गोल्डन ईयर्स' का सम्मान करने के लिए वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे मनाया। मैक्स ने लगातार पाँचवें वर्ष यह आयोजन किया और शहर और आसपास के 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी इस कार्यक्रम में देखी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत गेस्ट ऑफ ऑनर उत्तराखण्ड मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति लेफ्टिनेंट कर्नल हेमचंद्र पांडे और मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून में ऑपरेशंस वाइस प्रेसिडेंट और यूनिट डॉ. संदीप सिंह तंवर ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। कार्यक्रम में एक ओपन सेशन का आयोजन किया गया जहां गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, आर्थोपेडिक्स, कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी के क्षेत्रों के हमारे विशेषज्ञों ने इस उम्र में होने वाली सामान्य समस्याओं पर चर्चा की। डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. रविकांत गुप्ता, डॉ. हेमांशु कोचर, डॉ. वैभव चाचरा और डॉ. ए.एम. ठाकुर ने उपस्थिति वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की और बुढ़ापे के दौरान आने वाली परेशानियों को लेकर सुझाव दिए और बताया 60 साल की उम्र में अपने स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करें।

हरिद्वार से आए स्वामी शान्तानन्द की आध्यात्मिक चर्चा भी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण थी। इसके साथ ही उनके मनोरंजन के लिए कुछ खेल और नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल देहरादून के वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस और यूनिट हेड डॉ. संदीप सिंह तंवर ने कहा, "लगातार 5वें वर्ष इस कार्यक्रम की मेजबानी करना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। वरिष्ठ नागरिकों को अच्छे स्वास्थ्य का जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करने और मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देहरादून के प्रमुख सलाहकारों से उनकी स्वास्थ्य जरूरतों के संदर्भ में प्रासंगिक चर्चा में भाग लेने के लिए एक पहल, उन्हें बुढ़ापे में बीमारियों से बचाने और सकारात्मक, दीर्घकालिक और जीवन शैली में स्थायी व्यवहार परिवर्तन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हमारा मानना है कि बीमारियों का निवारण ही इलाज से बेहतर है जो एक स्वस्थ जीवन शैली की ओर ले जाता है।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के आदेश पर उपभोक्ता को यात्रा व्यय का भुगतान

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय उपभोक्ता ने उत्तराखंड राज्य आयोग के आदेश का रिवीजन करने पर टयोटा कंपनी को उपभोक्ता द्वारा पैरवी के लिये आने जाने के लिये यात्रा व्यय आदि के लिये रू. साढ़े सात हजार का भुगतान करने तथा उपभोक्ता फोरम द्वारा आदेशित सम्पूर्ण धनराशि ब्याज सहित जिला उपभोक्ता फोरम में जमा कराने के आदेश दिये है।

इस आदेश पर टयोटा किर्लोस्कर मोटर्स प्रालि ने बैंक ड्राफ्ट द्वारा परिवादी दलजीत सिंह को रू.साढ़े सात हजार का भुगतान कर दिया है तथा जिला उपभोक्ता फोरम उधमसिंह नगर में आदेशित सम्पूर्ण धनराशि अद्यतन ब्याज सहित रू.10 लाख 25 हजार 414 रूपये जमा करा दी है। जिला उपभोक्ता फोरम के तत्कालीन अध्यक्ष आर.डी. पालीवाल तथा सदस्यगण नरेश कुमारी छाबड़ा तथा सबाहत हुसैन खान ने श्री नदीम के तर्कों से सहमत होते हुये अपने निर्णय में लिखा कि विपक्षीगण द्वारा परिवादी को ऐसा मॉडल विक्रय किया गया जो भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं है अतः यह सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापार का गंभीर मामला है जिसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।